(b) Under the Scheme of Operation Blackboard, central assistance is being given to State Governments to provide *inter-alia*, an additional teacher, preferably a woman, to all single teacher primary schools in the country in a phased manner. The scheme was launched in 1987-88 and during 1987-88 and 1988-89, 73,218 additional teachers' posts have been sanctioned. The remaining single teacher schools are proposed to be covered in the next two or three years, subject to actual allocation of resources.

Setting up of I.I.T. in Assam

958. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have started preliminary work for setting up the proposed I.I.T. in Assam; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI P. SHIV SHANKER): (a) and (b) The Government of India is establishing an I.I.T. in Assam for which site has been selected at Nagaon near Misa with an Extension Centre near Guwahati. Draft Project Report has been prepared by Educational Consultants India Ltd.

The I.I.T. Nagaon, Assam Society has been registered. A sum of Rs. 519.2 lakhs have been released to the State Government for acquiring land at Misa and Guwahati.

मध्य प्रदेश में नवोदय विद्यालय

959. **श्री अजीत जोगी :**
श्री जगतपाल सिंह ठाकुर :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में वर्तमान में कितने नवोदय विद्यालय हैं ;

(ख) प्रदेश के सभी जिलों में कब तक नवोदय विद्यालयों के खुल जाने की संभावना है; और

(ग) क्या सरकार बस्तर, रायपुर, सरगुजा इत्यादि जैसे बड़े जिलों में जिनका क्षेत्रफल देश के बहुत से राज्यों के बराबर है, एक से अधिक नवोदय विद्यालय खोलने का विचार रखती है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० शिव शंकर): (क) अट्ठाईस (28)।

(ख) और (ग) शेष जिलों (17) में नवोदय विद्यालय खोलना, इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त संसाधनों के आवंटन पर निर्भर करता है।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में कमी

960. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में जो अत्यधिक कमी थी, क्या उसमें केन्द्र शासन के वर्तमान विशेष नियुक्ति अभियान" के बाद कमी आयी है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) वांछित आरक्षण प्रतिशत कब तक पूरा हो जायेगा?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) जी, हां।

(ख) पर्यटन विभाग और इस मंत्रालय के अधीन नागर विमानन महानिदेशालय, 1-6-1989 के बाद से कई आरक्षित पदों पर उपयुक्त उम्मीदवार नियुक्त करने में सफल हुए हैं।

(ग) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिये खाली रिक्त पदों का पता लगा लिया गया है और इन पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के लिये संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग आदि को मांग-पत्र भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।